हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 24 मार्च 2024

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

07 विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ आयोजन इलेक्ट्रानिक...




08 बरुड़ फाटे पर युवक का शव मिला, दुर्घटना की आशंका...



### नर्मदापुरम में शताधिक स्थानों पर शुभ मुहूर्त में आज होगा होलिका दहन

# नर्मदांचल में हर्षोल्लास से मनेगा रंगों का पर्व होली, तैयारियां पूर्ण

**उत्तरा फाल्गुन पूर्णिमों को होली त्यौहार नर्मदांचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नर्मदापुरम में शताधिक स्थानों पर शुभ मुहूर्त में होलिका की पूजन अर्चना के साथ ही होलिका दहन किया जाएगा। इसके लिए हुरियारों ने तैयारी कर ली है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



उत्तरा फाल्गुन पूर्णिमा को भद्रा रहित प्रदोषकाल मुहूर्त में रविवार को होली का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसके लिए हुरियारों ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। विदित हो कि होलिका के दहन का शुभ मुहूर्त में विधान पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माना गया है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार रविवार को शुभ मुहूर्त में पूजन अर्चना के साथ दहन किया जाएगा। पं. विजय परसाई ने बताया कि भद्राकाल में होली का दहन नहीं किया जाता है, इसलिए रविवार की रात 10.28 बजे भद्राकाल समाप्त होगा। इसके पश्चात रात 11 बजकर 13 मिनट से 12 बजकर 24 मिनट तक होलिका दहन का शुभ मुहूर्त है। शुभकाल में होली का दहन किया जा सकेगा।

### कल बरसेगा रंग-गुलाल

होलिका दहन के बाद सोमवार को साम्प्रदायिक सद्भाव के साथ होलिका पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान लोग एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश देकर खुशी का इजहार करेंगे। वहीं इस बार होली के पर्व के पूर्व बढ़ती महंगाई ने होली के रंग में भंग डाल दिया है। आम आदमी त्योहार की खरीदारी से कतरा रहा है। बाजार में सन्नाटा पसरा पड़ा है। दुकानदार ग्राहकों की बाट जोह रहे हैं। सामानों की कीमतें आसमान छू रही हैं। जहां इस त्योहार के आने से एक पखवारे पूर्व से ही बाजारों में खरीदारी करने हेतु ग्राहकों की भीड़ लगी रहती थी। होली के त्योहार में मात्र चंद रोज ही शेष रह गए हैं लेकिन, बाजारों में खरीदारी करने वाले लोग नदारद हैं।

### बच्चों की पिचकारी और स्वाद पर महंगाई का असर

होली के पर्व पर बच्चे एक दूसरे पर रंग डालकर त्यौहार को आनंदपूर्वक मनाते हैं, लेकिन इस बार रंग भरकर चलने वाली पिचकारी की कीमतों में खासा इजाफा हुआ है। जिससे बच्चों में मायूषी है। पिचकारी विक्रेता ब्रजकिशोर पटवा ने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा इस बार पिचकारी की कीमतों में करीब 20 से 30 प्रतिशत वृद्धि होने के कारण अधिकांश लोग पिचकारी लेने से परहेज कर रहे हैं। वहीं स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाने वाले लोग भी महंगाई की मार से परेशान हैं। मिठाई विक्रेता मुकेश ठाकुर ने बताया कि इस बार व्यंजनों को बनाने वाले सभी वस्तुएं महंगी होने के कारण मिठाई की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है। अधिकांश बिकने वाली काजू कतली, गुजिया, गुलाब जामुन एवं नमकीन के भाव बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इस बार लोगों को होली के त्यौहार पर स्वादिष्ट व्यंजनों का रस फीका नजर आएगा।

# पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए नर्मदापुरम पुलिस द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में किया गया जिसमें, जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी, थानों के उप निरीक्षकगण एवं जिला पुलिस कार्यालय एवं पुलिस लाइन का स्टाफ सम्मिलित हुआ। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर उप पुलिस अधीक्षक यातायात संतोष मिश्रा ने चुनाव पूर्व, चुनाव के दौरान एवं चुनाव के बाद की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को जिला सुरक्षा एवं डिप्लायमेन्ट प्लान, चुनाव आयोग के निर्देश, वेब पोर्टल, अनुविभाग एवं थाना स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम, केंद्रीय सुरक्षा बलों से समन्वय, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, माईनर एक्ट एवं चुनाव संबंधी कानूनी प्रावधान से अवगत कराया गया तथा विभिन्न स्तर पर चेक लिस्ट, की जाने वाली कार्यवाही एवं चुनाव के दौरान "क्या करें व क्या न करें" की जानकारी भी दी गई।

उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल को अपनी जिम्मेदारियों, कानूनी प्रावधानों से अवगत कराना था साथ ही व्यावसायिक दक्षता बढ़ाकर मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार करना था ताकि प्रशिक्षित अधिकारीगण अनुविभाग एवं थाना स्तर पर अन्य कर्मियों, सीएपीएफ, नगर सेना, कोटवार एवं विशेष पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षित कर सकें। कार्यक्रम में कुल 100 अधिकारी एवं कर्मचारियों सम्मिलित रहे। रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल एवं सूबेदार विनय अडलक का प्रशिक्षण के आयोजन में विशेष योगदान रहा।

## रामनिवास गुर्जर बने लोकसभा प्रभारी



**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा शरणवीर सिंह रावत की सहमति से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा कें 2024 लोकसभा चुनाव की दृष्टि से होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं डायरेक्टर मप्र क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रामनिवास गुर्जर के नाम की घोषणा की।

## 25 से 30 मार्च तक नीलामी कार्य बंद रहेगा

**नर्मदापुरम।** सचिव कृषि उपज मंडीसमिति इटारसी जिला नर्मदापुरम ने बताया है कि आगामी 25 से 30 मार्च तक कृषि उपज मंडी समिति इटारसी में नीलामी कार्य बंद रहेगा। होली का त्यौहार होने के कारण हम्माल अपने-अपने गांव जा रहे हैं। इस कारण से 25 से 30 मार्च तक नीलामी कार्य बंद रखा गया है। किसानों से कहा गया है कि वे अपनी कृषि उपज विक्रय के लिए लेकर इस अवधि में न आए।

# द चैम्प्स फन स्कूल में मना रंगों का त्योहार होली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ईशान परिसर स्थित द चैम्प्स फन स्कूल में रंगों का त्योहार होली बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी और अपनी शिक्षिकाओं के साथ बड़े ही उल्लास के साथ रंग खेला। बच्चों ने अपने मित्रों के साथ भी जमकर होली खेली। सबने होली के गीतों पर मनमोहक नृत्य किया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी ने बच्चों को होली का महत्व बताया। उन्होंने बच्चों के साथ प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होली खेली। परीक्षा समाप्ति के पश्चात होली खेलने को लेकर बच्चों में अलग ही ऊर्जा का संचार देखने को मिला। शाला में भारतीय संस्कृति और त्योहारों से बच्चों को जोड़ने के लिए सदैव विशेष प्रयास होते हैं।

होली हमारे देश का महत्वपूर्ण त्यौहार है जो पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। शाला में प्रतिवर्ष होली मनाई जाती है। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम प्रभारी शिक्षिका नेहा राठौर थी।

# रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत नर्मदापुरम जिले में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत स्वीप की गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

इसी तारतम्य में 23 मार्च को महिला बाल विकास विभाग नर्मदापुरम की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वीप गतिविधि के अंतर्गत सर्किट हाउस से पर्यटन घाट तक विशाल मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली को एसडीएम नीता कोरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मतदाता जागरूकता रैली के अंत में पर्यटन घाट पर मतदान करने के लिए महिला बाल विकास अधिकारी कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शपथ ली।

# लोकतंत्र के पर्व को गर्व से मनाने निभाएं सहभागिता

## मतदाताओं को मतदान केंद्र पर मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




आप कर लीजिये वोट देने की तैयारी, अब तो मतदान केंद्र पर मिलेगी सुविधा सारी। मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्र पर वालेंटियर, वेटिंग हॉल, छाया, मेडिकल किट, पीने का पानी, वॉशरूम, ब्रेललिपि में जानकारी, व्हीलचेयर और रैम्प की सुविधा की गई है, ये बात मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने स्वीप आईकॉन सारिका घारू द्वारा तैयार वीडियो गीतों की पेनड्राईव-चुनाव का पर्व, देश का गर्व को जारी करते हुये कही। सारिका घारू ने बताया कि अनुपम राजन एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत नवमतदाताओं एवं युवाओं की बड़ी संख्या को देखते हुए उनके लिये विशेष कार्यक्रम किये जा रहे हैं। रोचक एवं लोकप्रिय गतिविधियों के माध्यम से इसके साथ ही बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं और गर्भवती महिलाओं को दी जा रही प्राथमिकता की जानकारी दी जा रही है।

# छात्राओं को दिया प्राकृतिक गुलाल बनाने का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पर्यावरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सप्ताह भर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सतत जीवन शैली कार्यशाला के अंतर्गत प्राकृतिक रंगों से गुलाल बनाना छात्राओं ने सीखा एवं कार्यशाला में विभिन्न अध्यापकों ने अपने व्याख्यान दिए। इसी श्रेणी में विश्व गौरैया दिवस के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को विश्व जल दिवस पर छात्राओं को जल संरक्षण से संबंधित फिल्म दिखाई गई एवं जल संरक्षण के उपाय बताए गए। विश्व वानिकी दिवस पर छात्राओं को पौधों रोपण, परिसर की स्वच्छता एवं पक्षियों के लिए दाना पानी के पात्र रखवा कर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य अर्चना मिश्रा,वरिष्ठ अध्यापक जूही अग्रवाल, रजनी गुप्ता, भावना दुबे, इंदु दुबे, हरिशंकर बरगले एवं समस्त स्टाफ और इको क्लब प्रभारी शपूजा थापक सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## मतदाता जागरुकता के लिए बूथ स्तरीय जागरुकता समूह की बैठक संपन्न



**नर्मदापुरम।** समीपस्थ ग्राम बाईखेड़ी में बूथ स्तरीय जागरूकता समूह (बीएजी) की बैठक संपन्न की गई। जिसमें सचिव ग्राम पंचायत बाईखेड़ी नीलम ठाकुर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता साहब बाई, आंगनवाड़ी सहायिका नीलू सराठे, बीएलओ दिनेस चौरे, आशा कार्यकर्ता प्रीति बाला नामदेव, पटवारी रमेश गुरेले, ग्राम कोटवार रामेती बाई मेहरा एवं नंद किशोर मेहरा, शिक्षक वर्षा डोहरे एवं स्व सहायता समूह की अध्यक्ष रजनी पटैल सम्मलित हुईं। बैठक में ग्राम में मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान 100 प्रतिशत कराये जाने हेतु प्रयास करने पर चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हेमंत सूत्रकार ने बताया कि जनपद पंचायत नर्मदापुरम में 49 ग्राम पंचायतें सम्मलित हैं। जिसमें होशंगाबाद, सिवनी मालवा एवं सोहागपुर तीनों विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सम्मलित हैं। इन सभी ग्राम पंचायतों में बूथ स्तर पर बूथ स्तरीय जागरूकता समूह (बीएजी) के द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन में 26 अप्रैल 2024 को ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोक करें इस हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

## दूषित खाद्य सामग्री की बिक्री पर प्रशासन की नजर, अधिकारियों ने किया मिठाई की दुकानों पर निरीक्षण



**नर्मदापुरम।** आगामी त्योहार के दृष्टिगत शनिवार को कलेक्टर के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन से खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार एवं जितेंद्र सिंह राणा द्वारा नर्मदापुरम स्थित विभिन्न मिठाई दुकानो का निरीक्षण किया गया एवं राजस्थान मिष्ठान भंडार एवं केलादेवी स्वीट्स से खोवा, केसर पेड़ा, नमकीन एवं मिल्क केक के कुल 5 नमूने लिए गए। त्योहार के समय खोया मिठाई आदि की मांग बढ़ जाने से मिलावट की संभावना को देखते हुए विभाग इस पर पैनी नजर रखे हुए है। विगत सप्ताह भर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, सिवनी मालवा, डोलरिया सहित अन्य स्थानों से खाद्य पदार्थों मिठाई, नमकीन, खाद्य तेल व दूध व दुग्ध उत्पाद के 80 नमूने संग्रहित किए है। उक्त नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर विक्रेताओं के विरुद्ध न्यायालयीन कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी। इसी दौरान अनियमितता पाए जाने पर 02 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए है। विभाग द्वारा कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### पं. रामलाल शर्मा स्मृति समारोह के विराम दिवस पर बोले पं. रामगोपाल तिवारी

# प्रभु का नाम और भक्ति के बिना जीवन शव के समान है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





पं. रामलाल शर्मा स्मृति समारोह के पांचवें दिन विराम दिवस के अवसर पर प्रवचन पीठ से अपने उद्बोधन में पूज्य मानस रत्न पंडित रामगोपाल तिवारी ने कहा कि श्री हनुमान जी ईश्वर को सदैव अपने हृदय में धारण किए रहते हैं( इसी से वे मां सीता अर्थात भक्ति की खोज कर सके। वह बल और बुद्धि का सर्वोत्तम संयोजन है। जो व्यक्ति ईश्वर के नाम और भक्ति से वंचित है वह व्यक्ति जीवित होकर भी शव के समान है। पूरी लंका में केवल विभीषण ही सतत राम नाम लेते रहते हैं। पूज्य महाराज श्री ने त्रिजटा की तीन जटाओं का विवेचन करते हुए उसकी ज्ञान कर्म और भक्ति के रूप में व्याख्या की। श्री हनुमान जी लंका को दिन में भी देखते हैं और रात्रि में भी। वे तीनों ली गई परीक्षाओं में पास हो जाते हैं अर्थात न काम का विकार उन्हें विचलित करता है न क्रोध आता है न ही उनके मन में लोभ है। ऐसे श्री हनुमान जी जब अशोक वाटिका में श्री राम जी के गुणों का गा न करते हैं तब मां सीता का दुख दूर हो जाता है, कार्यक्रम के प्रारंभ में पमानसरत्न द्वारा श्री रामलाल शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। महाराज जी का स्वागत डॉ वैभव शर्मा के साथ पूर्व सांसद तुलसी मानस भवन भोपाल के अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, सचिव कैलाश जोशी, जयंत भारद्वाज ,राहुल गौर , बंटी परिहार ने किया।

कार्यक्रम में भजन की प्रस्तुति चित्रांश गोपाला अग्रवाल द्वारा की गई। हारमोनियम पर राम परसाई एवं तबले पर रामसेवक शर्मा द्वारा सहयोग किया गया। आभार व्यक्तित्व डॉ वैभव शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना अब सौंप दिया के द्वारा हुआ।

# चुनाव प्रशिक्षण के साथ मतदाता जागरुकता अभियान भी चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्थानीय पॉलेटेकनिक कालेज नर्मदापुरम में लोकसभा निर्वाचन हेतु चुनाव डियूटी के लिए प्रशिक्षण संपन्न किया गया। जिसमें लगभग 2400 कर्मचारी अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रशिक्षण 7 कक्षों में दिया गया जिसमें प्रत्येक कक्ष में 3 मास्टर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रत्येक कक्ष में एक महिला मास्टर प्रशिक्षक भी सम्मलित रहीं सांथ ही समय समय पर वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा भी निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थीयों को चुनाव प्रक्रिया पर चर्चा की गई जिसमें सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नीता कोरी के द्वारा चर्चा की गई। ज्ञातव्य हो कि लोक सभा निर्वाचन में होशंगाबाद नरसिंहपुर लोक सभा क्षेत्र का निवार्चन 26 अप्रैल को संपन्न किया जाना है लोकसभा निर्वाचन में कर्मचारी अधिकारी को समस्त जानकारी प्राप्त हो इस हेतु प्रथम प्रशिक्षण संपन्न किया गया साथ ही प्रशिक्षण के दौरान मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया गया जिसमें जनपद पंचायत नर्मदापुरम के द्वारा प्रशिक्षण स्थल पर स्टैंडी रखी गई जिसमें मतदान का संकल्प लेते हुये प्रशिक्षणार्थीयों के द्वारा ली गई। इसी प्रकार प्रशिक्षण के दौरान मतदान के लिए सपथ भी दिलाई गई।

## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक आयोजित की गई

**भैंसदेही।** आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस विभाग द्वारा शांति समिति की बैठक का आयोजन भैंसदेही के जनपद पंचायत सभाकक्ष में किया गया। बैठक में एसडीएम अनीता पटेल, एसडीओपी भूपेंद्र सिंह मौर्य, थाना प्रभारी अंजना धुर्वे, सीईओ जितेंद्र सिंह ठाकुर, जेई दीपक सोलंकी सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक में आगामी त्योहार होली, रमजान ईद जैसे त्योहार शांतिपूर्वक मनायें जाने की अपील की है एवं लोगों के बीच में आपसी सद्भाव बना रहे इस उद्देश्य से गणमान्य नागरिकों से सुझाव मांगे गए। एसडीओपी ने बताया कि वर्तमान में लोकसभा की आचार संहिता लगी हुई है। आचार संहिता का पालन करते हुए त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की है। होलिका दहन पर शाम से ही पुलिस की गस्त रहेगी। उन्होंने बताया कि होली पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदीप सिंह ठाकुर, अनिल सिंह ठाकुर, मोहन सिंह ठाकुर, ऋषभदास सावरकर, विनोद सोनी, धर्मेंद्र मालवीय, कल्लु सावरकर, शिवकुमार सिंह ठाकुर, संजय तिवारी, राजा आर्य, दिलीप सिंह चौहान, रानू ठाकुर, सुरेश पाल, श्रवण सिंह सिकरवार, दिनेश महाले, करीम नेताजी, प्रदीप धुले, बाबूलाल राठौर, ददन सिंह ठाकुर, अफरोज भाई, बाबा खान, पत्रकार कमलेश कावड़कर, मनीष राठौर, महेश थोटेकर, राहुल छत्रपाल, मोहित राठौर नरेश मोहरे, शोएब विंध्यानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर के अधिकारियों के दिए गए निर्देश के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्व सहायता समूह की महिलाए की मदद लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते आज आंगनवाड़ी क्रमांक 05 में सभी एकत्रित होकर मतदाता जागरूकता अभियान में होली समारोह तिलक लगाकर आम जन को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और 100% मतदान के लिए संदेश दिया। इसी समय कुछ छोटी बालिकाएं और महिलाओं ने अपने विचार महिलाओं के मध्य रखें तथा एक दूसरे को गुलाल से तिलक लगाया और जागृति स्व सहायता समूह की अध्यक्ष आरती ठाकुर द्वारा फॉग गीत गया 'वॉर्ड नं 05 की खुशी परसाई ने कहा कि 18 वर्ष से ऊपर वाले आयु के लोगों को मतदान करने के लिए जरूर प्रेरित करें। इसी समय वॉर्ड नं 05 की राखी बरोदे ने भी मतदाता जागरूकता को लेकर सभी महिलाओ से स्पीच और विचार दिए। वहां पर उपस्थित नगर परिषद् शाहपुर सामुदायिक संगठक सुश्री पूनम वाईकर ने बताया की यह लोकसभा 2024 निर्वाचन चुनाव के लिए इन गतिविधियों को जनता के समक्ष उदाहरण देकर मतदान करना कितना जरूरी है यह बताया गया।

### थ्रेसर की चपेट में आने से मजदूर का पेट फटा

**बैतूल।** बारहवीं इलाके में थ्रेसर की चपेट में आने से एक मजदूर का पूरा पेट फट गया। जिसके बाद साथी मजदूर उसकी आंते समेटकर उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। उसे बैतूल से भोपाल रेफर कर दिया गया है। जहां उसकी हालत फिलहाल सामान्य है। बैतूल खंड के बारहवीं के पास गुड़ी गांव में बीती रात ट्रेक्टर से चलने वाला थ्रेसर चलाया जा रहा था। जिसमें मजदूर बबलू उईके साथी मजदूरों के साथ गेंहू की दावन में जुटा हुआ था। दावन का काम खत्म करने के दौरान ट्रेक्टर चालक ने ट्रेक्टर थ्रेसर बंद कर दिया। मजदूर राजेश ने बताया की थ्रेसर बंद करने के बाद इसके पूरी तरह रुक जाने पर इसका ढक्कन खोला जाता है। लेकिन रात को बबलू ने थ्रेसर बंद होने के बाद इसे तुरंत ही खोल दिया। इसका थ्रेसर उस समय इतना तेज था की थ्रेसर की पंखुडियों ने उसे हवा के प्रेसर से अपनी और खींच लिया। हादसा इतनी अचानक हुआ की बबलू को समझने का मौका ही नही मिला। थ्रेसर की ब्लेड ने उसका पेट फाड़ दिया। उन्होंने तुरंत ही बबलू को थ्रेसर से बाहर निकाल कर निजी वाहन के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स ने उसकी आते पेट के अंदर कर उसे सिल दिया।

## लोकसभा निर्वाचन के नोडल अधिकारियों को रिटर्निंग अधिकारी सूर्यवंशी ने दिए निर्देश

# लोकसभा निर्वाचन के संबंध में बैतूल, हरदा और खंडवा जिलों के कलेक्टर्स व पुलिस अधीक्षकों की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आगामी 28 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान होना है। इससे पूर्व जिले में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियां जारी हैं। शनिवार को बैतूल-हरदा-हरसूद संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर बैतूल नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में संसदीय क्षेत्र से संबंधित तीनों जिलों के कलेक्टर्स व पुलिस अधीक्षकों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में रिटर्निंग अधिकारी श्री सूर्यवंशी ने लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

निर्वाचन संबंधी सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं, और आयोग द्वारा जारी पुस्तिका व निर्देश सभी अधिकारी पढ़ें और उसी अनुसार कार्य करें। बैठक में खंडवा कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, बैतूल के पुलिस अधीक्षक निश्चल झरिया, हरदा एसपी अभिनव चौकसे, खंडवा एसपी मनोज राय, जिला पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया और बैतूल के सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा सहित तीनों जिलों के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने हरदा जिले में, और कलेक्टर खंडवा ने हरसूद विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन के लिए अब तक की गई तैयारियों के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए संसदीय क्षेत्र बैतूल के अंतर्गत की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के संबंध में बताया। रिटर्निंग अधिकारी श्री सूर्यवंशी ने बैठक में निर्देश दिए कि विधानसभा निर्वाचन-2023 में जिन मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत कम रहा था वहां मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता गतिविधियां अधिक से अधिक की जाएं।



### सीजर मैनेजमेंट सिस्टम पर आबकारी, जीएसटी, सेल टैक्स और आयकर टीम से जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बिंदुवार चर्चा

**बैतूल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले के आबकारी, जीएसटी, आयकर एवं सेल टैक्स टीम के सदस्यों के साथ सीजर मैनेजमेंट सिस्टम पर बिंदुवार समीक्षा की। कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में आचार संहिता के दौरान एसएसटी द्वारा प्रतिबंधित सामान की नाकों पर एवं संसदीय क्षेत्र में प्रतिबंधित सामान यथा नगदी, शराब, हथियार अथवा मादक पदार्थों की जप्ती के बाद आगे की जाने वाली कार्रवाई पर बिन्दुवार समीक्षा की गई। एनआईसी प्रभारी एवं नोडल अधिकारी श्रीमती रचना श्रीवास्तव एवं मुख्य प्रशिक्षक विजयंत ठाकुर द्वारा बताया गया कि एसएसटी टीम द्वारा जप्त की गई सामग्री को मोबाईल एप के माध्यम से दर्ज करने के उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा कार्रवाई की जाती है।

### पोखरनी चेक पोस्ट का हरदा, बैतूल, खंडवा जिलों के कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों ने किया निरीक्षण



*बैतूल। लोकसभा निर्वाचन के लिए हरदा जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट बनाकर वहां पर कुल 6 स्थैतिक निगरानी दल तैनात किए गए हैं। इन चेक पोस्ट पर अन्य जिलों से हरदा जिले में आने व जाने वाले वाहनों की लगातार चेकिंग की जाती है तथा चेकिंग के दौरान पाई जाने वाली संदिग्ध सामग्री व संदिग्ध नगद राशि जप्त करने की कार्यवाही की जाती है। शनिवार को हरदा- बैतूल- हरसूद संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्टर हरदा आदित्य सिंह तथा कलेक्टर खंडवा अनूप कुमार सिंह के साथ खिरकिया तहसील के ग्राम पोखरनी में खंडवा जिले की सीमा पर बनाए गए चेक पोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां तैनात कर्मचारियों से अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली।*

## लोकसभा चुनावों को लेकर तैयारी

# स्ट्रांग रूम का रिटर्निंग अधिकारी और कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**बैतूल।** लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले में सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में शनिवार को बैतूल कलेक्टर तथा संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्टर हरदा आदित्य सिंह के साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया, एसडीएम हरदा कुमार सानू, एसडीएम टिमरनी महेश बडोले, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण सुभाष पाटिल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। रिटर्निंग अधिकारी बैतूल श्री सूर्यवंशी और कलेक्टर हरदा श्री आदित्य सिंह ने मतगणना कक्षों में जाकर वहां की जा रही तैयारी का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि मतदान दलों को रवाना करने से पहले उन्हें व्यवस्थित तरीके से बिठाकर सभी आवश्यक सामग्री दी जाए। सामग्री लेने के लिए उन्हें अनावश्यक लाइन में न लगना पड़े। उन्होंने मतदान सामग्री वितरण स्थल पर वाहन पार्किंग व्यवस्था और स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली।

# आमने-सामने टकराई बाइक, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

## रात के वक्त अपने गांव जा रहे थे युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सडक़ हादसे में एक युवक की मौत, अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी थी टक्कर, 1 गंभीर रूप से घायल, शुक्रवार रात डहुआ पर हुए सडक़ हादसे में सिपावा निवासी एक युवक की मौत हो गई। वहीं सोनेगांव निवासी व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है।



बताया जा रहा है कि ग्राम सोनेगांव निवासी भीमराज रघुवंशी, सिपावा निवासी बसंत सरोदे के साथ बाइक से बीती रात 9 बजे वापस गांव जा रहे थे। तभी अचानक एक अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी।इस सडक़ हादसे में दोनों सडक़ पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। भीमराज और बसंत के सर में गंभीर चोट आई। बसंत के सिर से खून अधिक बह जाने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि भीमराज को गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया है। बताया जा रहा है कि आज पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार लगभग 15 से 20 फीट दूर फीका गए थे, वहीं टक्कर मारने वाला वाहन मौके से भाग गया। युवक के मुंह से और सिर से लगातार खून बह रहा था। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना संजीवनी 108 को दी। जिसके बाद मौके पर संजीवनी 108 पहुंची, लेकिन तब तक युवक ने दम तोड़ दिया था वहीं दूसरे की हालत बहुत ज्यादा गंभीर थी।

## सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

# केजरीवाल की रिहाई को लेकर आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन



**बैतूल।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने का विरोध जहां पूरे देश में चल रहा है वहां शनिवार आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नेहरू पार्क अंबेडकर प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया गया। जिसे केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई एवं अरविंद केजरीवाल की रिहाई की मांग की गई।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार तानाशाह रवैया देश में अपना रही है और संविधान को खत्म करने का काम कर रही है निर्दोष अरविंद केजरीवाल को झूठे मामलों में फंसा कर उन्हें जेल में भेज दिया गया है जिसका विरोध पूरे देश में किया जा रहा है। केंद्र में बैठी मोदी सरकार ईडी सीबीआई जैसी जांच कंपनियों को अपने इशारों पर चला रही है और जो भी मोदी सरकार का विरोध करती है उनको वह इनके द्वारा जेल में डालने का कार्य कर रही है कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि अरविंद केजरीवाल को रिहा नहीं किया तो देश भर में एक सुलामी आ जाएगी और आगामी लोकसभा चुनाव में इसके परिणाम भाजपा को भुगतना पड़ेगा।

## जल दिवस मनाया

# खाली बर्तन लेकर निकाली रैली, बताया जल का महत्व



**बैतूल।** 22 मार्च को दुनिया भर के लोग ने खास दिन जल दिवस को मनाया। विश्व जल दिवस पर, लोगों को मीठे पानी के महत्व और टिकाऊ जल प्रबंधन तकनीकों की आवश्यकता की याद दिलाई जाती है। यह इस बात पर जोर देता है कि हमारे ग्रह पर जल संसाधनों को संरक्षित करना कितना महत्वपूर्ण है क्योंकि पानी की कमी एक वैश्विक चिंता बन गई है इसी उद्देश्य से ग्राम सिमोरी में भी जल के महत्व को बताने महिलाओं ने खाली बर्तन लेकर रैली निकाली एवं मीठे पानी को बचाने विभिन्न नारे लगा लोगो को जल बचाने प्रेरित किया। इस अवसर पर जल है तो कल है गुंडी दौड़ प्रतियोगिता भी हुई। इस अवसर पर स्वीप प्लान के युथ आइकॉन शैलेन्द्र बिहारिया ने कहा कि जल को बचाना बेहद जरूरी है, जल की तरह अमूल्य है मतदान भी, इसलिए इस बार अपने मत का प्रयोग अवश्य करे। इस अवसर पर सीमा वरकड़े, अजय बडौदे उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होने कहा कि पानी रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए आवश्यक है, इसलिए इसका उचित उपयोग मीठे पानी के भंडारों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। औसतन एक व्यक्ति एक दिन में 45 लीटर तक पानी गलती से बर्बाद कर देता है। इसलिए, दैनिक जल उपयोग अभ्यास में कुछ बदलाव करने से भविष्य में उपयोग के लिए महत्वपूर्ण मात्रा में पानी बचाया जा सकता है।

### क्राइम ब्रांच नागपुर व आठनेर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से चोरी की 15 बाइक जब्त करने में मिली सफलता



**बैतूल।** विगत 15 वर्षो से आठनेर निवासी राहुल खाकरे नागपुर में निवास कर रहा था तथा चोरी के आरोप में नागपुर जेल में बंद था जो जनवरी में नागपुर जेल से छूटा है। नागपुर में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं के सम्बंध में इस पर स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार निगाह रखी जा रही थी। आज प्रातः नागपुर क्राइम ब्रांच रूरल एवं आठनेर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए राहुल एवं उसके भाई दिनेश पिता सुखचंद खाकरे, साला राधेश्याम से पूछताछ पश्चात उनकी निशानदेही पर चोरी की कुल 15 बाईक आरोपी से जप्त करने में सफलता प्राप्त की। आरोपियों से अन्य अपराधों के संबंध में भी विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

# परिवहन व्यवस्था पर बस ऑपरेटर्स और संचालकों के साथ कलेक्टर ने की समीक्षा

## ऑपरेटर्स की लंबित राशि के भुगतान का कलेक्टर ने किया प्रॉमिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनुक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बस ऑपरेटर्स से कहा कि आप लोगों की भूमिका महाभारत काल से सारथी की रही है और सारथी कितना महत्वपूर्ण होता है यह सब बताने की जरूरत नहीं।

मेरी आपसे अपेक्षा है कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे कर्मचारी, सुरक्षा कर्मियों ईव्हीएम आदि उपकरणों के परिवहन के लिए आपकी बसे अधिगृहित की जायेगी। इस अधिग्रहण के विरुद्ध आपकों नियमानुसार किराया दिया जाएगा। पेट्रोल/डीजल आदि की व्यवस्था प्रशासन द्वारा स्वयं की जाएगी। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के उपयोग वाहनों का किराया पुलिस विभाग द्वारा भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिग्रहण आदेश की आरटीओ अथवा आरओ द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रति बस के कांच पर सामने की ओर चस्पा करें। जिससे कोई और छायाप्रति के रूप में उसका दुरूपयोग नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगभग 550 बसों की आवश्यकता होगी। मेरी आपसे अपेक्षा है कि बसों में यदि मरम्मत आदि का कार्य हो तो उसे पूरा करा दें। बैटरी, टायर, स्टेपनी, वाहन चालक और क्लिनर का व्यवहार एवं गुणवत्ता जांच ले। वाहन चालक लायसेंस, गाड़ी का फिटनेस पेपर्स आदि साथ में रखे। विशेष रूप से जीवित बीमा आदि अति आवश्यक है। आप वाहन चालक और क्लिनर को बतायें कि वाहन निर्वाचन जैसे कितने महत्वपूर्ण कार्य के लिए संबद्ध की जा रही है। कार्य के दौरान वे किसी भी प्रकार का नशापान नहीं करें। उनकी एक गलती से वाहन में रखे मतदान पेटियों की अपूरणीय क्षति होगी। वाहन चालकों को रश ड्रायविंग से दूर रहना चाहिए। आप वाहन को अधिग्रहण के साथ फूल टैंक डीजल/पेट्रोल करके दें और वापसी भी फुल टैंक के साथ लें। वाहन चालक लॉग बुक मेंटेनेंस करें।

## लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाना शासन का उद्देश्य, चलाई जा रही कई गतिविधियां

# साप्ताहिक बाजार में मतदाताओं को रंग लगाकर मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को पाथाखेड़ा के साप्ताहिक बाजार में पहुंचकर व्यापारी और उपभोक्ताओं को तिलक लगाकर लोकसभा चुनाव में मतदान अधिक से अधिक संख्या में किए जाने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने का कार्य किया गया।

लोकसभा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चुनाव को देखते हुए शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद सारनी के मुख्य अधिकारी सी के मेश्राम एवं मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी कमलेश पटेल,बाल विकास अधिकारी संगीता धुर्वे,रीना अकोदिया के आदेश अनुसार नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र के वार्डों में पहुंच कर लोकसभा चुनाव को देखते हुए सत प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के मैदानी संचालक निराकार सागर ने बताया कि रंगो का महापर्व होली को देखते हुए नगर के वार्डों एवं चौक चौराहे में पहुंचकर मतदाताओं को रंग गुलाल लगाकर सत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पूर्व में स्कूल और कॉलेज की परीक्षाओं को देखते हुए छात्र-छात्राओं के स्वेच्छा अनुसार मेहंदी निबंध, रंगोली, गीत, भाषण, पेंटिंग जैसे प्रतियोगिता कराकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए संदेश दिया जा चुका है। मानव श्रृंखला बनाकर रैली कैंडल मार्च के माध्यम से भी क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।सहायक नोडल अधिकारी रंजीत डोंगरे के माध्यम से युवा वर्ग के मतदाता एवं अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाता और विभिन्न प्रकार के शरीर से विकलांग मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए बौद्धिक के माध्यम से समझाया जा रहा है।इसी प्रकार नगर पालिका परिषद सारणी क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए नगर पालिका एवं बाल विकास आंगनवाड़ी के कर्मचारी के माध्यम से यह कार्य किया जा रहा है।इस कार्य के लिए कर्मचारी कामदेव सोनी, अनिल लिलोरे,कीर्ति नायक,बुधराम महोबे, राकेश डोंगरे को मुख्य अधिकारी के द्वारा आदेशित किया गया है।

### स्वीप के तहत होली मिलन पर मतदाताओं का तिलक लगाकर करें स्वागत: अक्षत जैन

*बैतूल। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के अनुक्रम में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को 26 अप्रैल को अपने अधिकारों का प्रयोग करने के उद्देश्य से स्वीप के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन ने मतदाताओं का होली मिलन पर तिलक लगाकर स्वागत करने के निर्देश दिए। 26 अप्रैल को मतदान के ठीक एक माह पूर्व 26 मार्च को होली उत्सव मनाया जाना है। होली के स्वागत सप्ताह में विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का स्वागत तिलक लगाकर करें एवं उन्हें अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अनुक्रम में नगर परिषद आठनेर द्वारा महिलाओं को रंग और गुलाल का तिलक लगाकर मतदान अवश्य करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर अनेक रंगा-रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रस्साकसी, सायकिल रैली एवं मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को प्रोत्साहित किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सडड़ खराब होने पर उसके दुरूस्तीकरण की मांग को लेकर सेक्टर अधिकारी ने गांव वालों द्वारा चुनाव बहिष्कार की स्थिति सामने आई थी। अधिकारियों द्वारा गांव वालों से मिलकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया गया।*

### होली मिलन समारोह में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान




**बैतूल।** जेएच कॉलेज बैतूल में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. विजेता चौबे के संरक्षण में एवं स्वीप के जिला सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सुखदेव डोंगरे की उपस्थिति में एनएसएस के लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के तहत एवं पानी का संरक्षण करते हुए सूखा रंग छात्रों ने आपस में एवं छात्राओं ने आपस में एक दूसरे को सम्मान पूर्वक सादगी के साथ होली के पूर्व में रंग लगाते हुए एक दूसरे से आगामी लोकसभा निर्वाचन बैतूल में 26 अप्रैल 2024 को मतदान करने के लिए आव्हान किया। डॉ. सुखदेव डोंगरे ने कहा महाविद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी अपने-अपने गांव में होली मिलन समारोह में अपने माता-पिता, भाई, बहनों, दोस्तों एवं रिश्तेदारों को मतदान करने हेतु प्रेरित करेंगे। महाविद्यालय में विकासखंड बैतूल के नोडल अधिकारी गैलेंद्र बिहारे और उनके साथियों ने भी उपस्थित होकर विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ स्वयं सेवक प्रवीण परिहार, दिपाली पांडे, नवीन नागले, हिमांशु पाटिल, अक्षय मालवीय, तनु मोहबे, शिवानी, अंजली नागोरे, सुरभि जैन, आयुष घिडोडे, तन्मय पारिसे, अजय, इसुदास, संस्कृति, नेहा, साक्षी, किरण, पूजा, रोहित, रविना, निशा, किरण, छत्रप्रभा, सलोनी, निहारिका, माधुरी, रिया, मिताली, आयुष नागोरे, अमित मालवीय, दुर्गाप्रसाद, अर्पण, रंजीत आदि का सक्रिय योगदान रहा।

### मतदान देश का बेहतर भविष्य बनाने का मौका




**बैतूल।** जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार एव स्वीप जिला नोडल अधिकारी अक्षत जैन के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में विश्व जल दिवस 22 मार्च पर मतदाता जागरूकता का आयोजन जिस तरह जल हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। उसी तरह लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान आवश्यक है विषय पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम में आईटीआई प्रभारी प्राचार्य केशव सातपुते की उपस्थिति में स्वीप जिला यूथ आईकॉन अभिलाषा बाथरी ने संस्था एवं प्रशिक्षाथीयो को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। संस्था में भाषण प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता और फ्लावर डेकोरेशन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ट्रेड के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान पर राकेश यादव, अंशु लता उइके, पायल रैकवार एवं रंगोली प्रतियोगिता में स्टेनो ट्रेड ग्रुप प्रथम स्थान इलेक्ट्रीशियन एवं मैकेनिक ट्रेड ग्रुप द्वितीय स्थान, इलेक्ट्रॉनिक्स ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रभारी प्राचार्य केशव सातपुते ने कहा कि सभी देश के विकास में अपना योगदान दें। मतदान जिला स्वीप यूथ आईकॉन अभिलाषा बाथरी ने कहा कि इस संस्था में जिले के विभिन्न स्थानों से प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण लेते हैं ।

### निर्वाचन से संबंधित सूक्ष्म से सूक्ष्म चीज प्रशिक्षण में बताई गई

# 28 मार्च को गजट नोटिफिकेशन के साथ ही नाम निर्देशन लेना शुरू

**शनिवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने एवं उसके बाद की संपूर्ण प्रक्रिया का बारीक से बारीक प्रशिक्षण सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को दिया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



प्रशिक्षण नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे, राजेश जायसवाल एवं दुर्गेश व्यास ने दिया। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीके सिंह, इटारसी के सहायक रिटर्निंग अधिकारी टी प्रतीक राव, नीता कोरी समेत संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे। बताया गया कि 28 मार्च को गजट नोटिफिकेशन के साथ ही नाम निर्देशन लेना प्रारंभ हो जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र प्रातः11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्राप्त किए जा सकेंगे। अभ्यर्थी 8 अप्रैल को दोपहर 3 बजे के पहले तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। रिटर्निंग अधिकारी फार्म में पब्लिक नोटिस जारी करेंगे। यह नोटिस रिटर्निंग अधिकारी के हस्ताक्षर से ही जारी होगा। फार्म का प्रारूप हिंदी और अंग्रेजी दोनो में होगा इसमें नाम वापसी की अंतिम तिथि से लेकर समय और तारीख की सभी जानकारियां रहेंगी।

### नामांकन पत्रों की संवीक्षा

नामांकन पत्रों की 5 अप्रैल से संवीक्षा (कार्यालयीन समय में) शुरू हो जाएगी। सहायक रिटर्निंग अधिकारी जनपद पंचायत एवं जहां वह उचित समझेंगे वहां पर सार्वजनिक सूचना का नोटिस चस्पा करेंगे लेकिन संवीक्षा का कार्य रिटर्निंग अधिकारी ही करेंगे। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करते समय रिटर्निंग अधिकारी कक्ष से 100 मीटर के दायरे में अभ्यर्थी 03 वाहन ही ला सकेंगे। समय का निर्धारण रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में लगी घड़ी से ही किया जाएगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंतिम दिन विशेष सावधानी रखेंगे। दोपहर 3 बजे के बाद कोई भी नाम निर्देशन पत्र नहीं लिए जाएंगे लेकिन उससे पूर्व यदि लोग आ जाते हैं तो उन्हें कक्ष के अंदर प्रवेश करायेगे।

### नाम निर्देशन- आवश्यक दस्तावेज

बताया गया कि सभी अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र दाखिल करते समय सभी दस्तावेज लाने होंगे। लेकिन दस्तावेज के अभाव में अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने से नहीं रोका जा सकेगा भले ही बाद में स्कूटनी में उनका फॉर्म अमान्य हो जाए। एक अभ्यर्थी अधिकतम चार नॉमिनेशन पत्र दाखिल कर सकते हैं और यह नॉमिनेशन पत्र एक बार में चार या दो अलग-अलग बार भी दाखिल किये जा सकते हैं। दो से अधिक सीट पर नॉमिनेशन करने पर अभ्यर्थी का नाम निर्देशन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा।

भले अभ्यर्थी चार नाम निर्देशन पत्र दाखिल करें लेकिन एक नॉमिनेशन पत्र पर जमानत राशि एक ही बार देनी होगी। यह जमानत राशि नगद या चालान या ऑनलाइन चालान कर अभ्यर्थी जमा कर सकते हैं। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 25 हजार एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थी के लिए 12 हजार 500 रुपए जमानत राशि निर्धारित की गई है। प्रारूप 2 -ए में अभ्यर्थी अपना नवीनतम फोटो लगाएंगे और 10 बिंदुओं पर आधारित जानकारी जिनमे संपत्ति और अन्य जानकारियां हैं उससे अवगत कराएंगे। मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टी के अभ्यर्थी के लिए केवल एक प्रस्तावक की आवश्यकता होगी। लेकिन वह दल जो दूसरे राज्य में तो मान्यता प्राप्त हैं व निर्दलीय है उन्हें 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी। प्रस्तावक संबंधित क्षेत्र का मतदाता होना आवश्यक है। एक प्रस्तावक एक से अधिक अभ्यर्थियों का प्रस्तावक बन सकता है। एक बार हस्ताक्षर करने के बाद प्रस्तावक मुकर नहीं सकेगा। बताया गया कि प्रत्येक अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के लिए एक बैंक खाता खोलना होगा। यह बैंक खाता नामांकन के 1 दिन पूर्व खोलना आवश्यक है। पुराना बैंक खाता मान्य नहीं होगा।

अभ्यर्थी अपने इलेक्शन एजेंट के साथ संयुक्त रूप से खाता खोल सकता है। बताया गया कि फार्म 26 भरना प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए अनिवार्य है। शपथ पत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर होना आवश्यक है। यह हस्ताक्षर नोटरी या सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष किया जा सकेगा। यदि अभ्यर्थी चाहे तो वह अपने शपथ पत्र को ई फाइल में भी दे सकता है। अभ्यर्थियों को अपने आपराधिक मामलों की जानकारी देना अनिवार्य होगा, जैसे ही अभ्यर्थी अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी रिटर्निंग अधिकारी को देंगे, वैसे ही रिटर्निंग अधिकारी प्रारूप सी - तीन में अभ्यर्थियों को नोटिस देंगे कि वह समाचार पत्रों एवं टेलीविजन चैनलों पर अपने आपराधिक मामलों की जानकारी से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित कराए। अभ्यर्थी जैसे-जैसे विज्ञापन प्रकाशित कराएगा वैसे-वैसे उसकी जानकारी से रिटर्निंग अधिकारी को अवगत कराएगा। इसके अलावा अभ्यर्थी को अपने आपराधिक मामलों की जानकारी अपनी पार्टी को भी देनी होगी । अभ्यर्थी अपनी पार्टी को प्रारूप 6 ए में सूचित करेंगे। अभ्यर्थी की पार्टी भी इसकी सूचना समाचार पत्रों में और अपनी वेबसाइट में प्रकाशित कराएंगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ आयोजन इलेक्ट्रानिक कचरे का होगा रिसायकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




लायंस क्लब के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण के अत्यंत चिंतन में विषय इलेक्ट्रॉनिक कचरे को एकत्रित कर रीसायकल एजेंसी को भेजा जाएगा ऐसा निर्णय लिया कचरे को एकत्र कर दोनों क्लब सिटी अध्यक्ष लायंस वर्ष समय एवं नर्मदा सिटी लाइंस अध्यक्ष प्रीतेश भार्गव की अध्यक्षता में एवं मनीष शाह की उपस्थिति में गतिविधि का आयोजन किया। जिसमें अशोक तोषनीवाल दिनेश पटेल शरद द्विवेदी संजीव मालवी नरेश शाह नवनीत राठी उदय राजपूत नरेश वर्मा मनोज नागोत्रा सभी लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि क्लब 70 वर्षों से भारत में समूचे विश्व में पर्यावरण सुधार हेतु संरक्षण हेतु कार्य कर रहा है। जगत अनेक वर्षों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी पर्यावरण के लिए खतरा बनते जा रहे हैं विगत दो वर्षों से समूचे विश्व में गेहूं के तहत अपने-अपने क्षेत्र से जहर फैलाने वाले कचरे जिसमें पार जैसा जहर अनिल जहरीली गैस होती है जो स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए खतरा है जिम आज ऐसी मोबाइल फोन लैपटॉप सहित अनेक छोटे-बड़े उपकरण जो खराब होकर घरों में पड़े रहते हैं और जगह भी लेते हैं और घरों में नकारात्मक उर्जा भी पैदा करते हैं। कवाड़ में बेचने से खतरा पैदा होगा नकारात्मक ऊर्जा आएगी इसलिए लाइंस द्वारा इसी एकत्र कर सरकार द्वारा अधिकृत रीसाइकलिंग एजेंसी को भेजा जाएगा जिससे दोबारा प्रयोग होगा और नया ई कचरा नहीं आएगा इससे पर्यावरण के तापमान में वृद्धि उज्जैन परत को नुकसान से बचाया जा सकेगा। साथ ही धरती पर बढ़ते तापमान को नियंत्रित किया जा सकेगा लगभग एक कुंटल एक कचरा एकत्र कर भोपाल भेजो जावेगा ऐसा निर्णय लिया गया भविष्य में लाइन साफ पिपरिया के द्वारा वृक्षारोपण जल संरक्षण सहित पर्यावरण सुधार हेतु गतिविधियों का संचालन किया जावेगा सभी लोगों से अपील की गई है कि पर्यावरण की गतिविधि में सहयोग प्रदान करें।

# विद्यार्थियों ने मतदाताओं को किया जागरुक



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सीएम राइज स्कूल सुखतवा में लोकसभा निर्वाचन स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत छात्र छात्राओं द्वारा स्वीप प्रभारी रचना शुक्ला के निर्देशन में अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया कि उनका वोट अमूल्य है, मतदान अवश्य करना है। यह संदेश सभी तक पहुंचाया और सभी से मतदान में सहभागी होने का अनुरोध किया। इस गतिविधि के दौरान विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप सिंह राजपूत, उच्च श्रेणी शिक्षिका सुनीता दुबे, माध्यमिक शिक्षक सरिता चौकसे, शालिनी यादव तथा जितेन्द्र सिंह राजपूत, राजेश परते, उच्च माध्यमिक शिक्षकों में मानेंद्र मिश्रा, शुभम गुप्ता एवं अन्य सभी उपस्थित रहे।

### कवि सम्मेलन व साहित्यकार सम्मान कार्यक्रम 27 को

**सोहागपुर।** स्थानीय देनवा गार्डन में होली पर्व पर 27 मार्च को शाम सात से रात्रि 10 बजे तक कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। संयोजक अमित बिल्लौरे के अनुसार प्रतिवर्ष होली पर साहित्यकार सम्मान व कवि सम्मेलन आयोजन होगा। इस वर्ष वरिष्ठ कवियों चौधरी मदनमोहन समर भोपाल व शरद व्यास सोहागपुर का सम्मान किया जाएगा। जिसके बाद दोनों कवियों सहित आशीष सोनी गाडरवारा, हरीश पांडे पिपरिया, संदीप मदन गुरू बुदनी, राहुल राय बनखेड़ी, विनोद 'अंजान' अमरवाड़ा, रंजना गौतम चंदिया उमरिया, पवन सराठे इटारसी व भरत खंडेलवाल माखननगर काव्य पाठ करेंगे। टीम संयोजक श्री बिल्लौरे के अनुसार प्रतिवर्ष साहित्यिक आयोजनों में बाहरी कवियों के साथ सोहागपुर, माखननगर, सेमरी व शोभापुर के कवि भी काव्य पाठ करेंगे। नव कवियों के मार्गदर्शन के लिए कार्यशालाएं भी होंगी। जानकारी अनुसार लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए आयोजन किया जाएगा।

# मां नर्मदा की परिक्रमा कर रहे समर्थ दादा गुरु का जगह जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



मां के रूप में हमें कुछ शक्ति प्राप्त होती है जो हमारा आधार है और इस शक्ति की निकटता में हम सबसे बेहतर अपने जीवन को बना सकते हैं सबसे सफल जीवन को हमें जीना है तो मां की निकटता में ही हमें मिलेगा वह शक्ति के कौन-कौन से स्वरूप हैं जिन्हें हम मां के रूप में पूजते हैं उस पर हमें ध्यान देना है एक तो जन्म देने वाली के रूप में मिली मां उस मां का कभी अपने जीवन में साथ नहीं छोड़ना है वह मां ही है जो हमें जीना सिखाती है और वह मां ही है जो हमें संस्कार देती है और वह संस्कार जो हमें मां के द्वारा मिला है वह हमें ओमकार से मिला देता है एक जन्म देने वाली मां दूसरा जीवन देने वाली मां को भी हमारी सनातन संस्कृति मां कहती है हमारे गांव नगर प्रांत को जीवन देती है वह कौन है वह है मां नर्मदा दुनिया के लिए वह नदी है हमारे लिए साक्षात भगवती है हमारे को साक्षात शक्ति है जिस शक्ति से हमारे गांव नगर भय मुक्त जीवन जी रहे हैं वह हमारी दूसरी मां है। तीसरी जो हमारा पालन पोषण करती है धरती मां को हम मातृभूमि के रूप में पूछते हैं इस माटी के लिए दुनिया में सिर्फ हमारी संस्कृति है जो धरती को धरती की माटी को पूछते हैं तीसरी मां क्या हो गई धरती मां फिर एक और है हमने अपने घर गांव में गांव को देखा है दुनिया के लिए वह जानवर है हमारे लिए वह मां का वह दिव्य रूप है हम आज भी गौ माता की जय बोलते हैं हमें गऊ के रूप में शक्ति मिलती है। दादा गुरु ने अपने संक्षिप्त प्रवचन में जन्म देने वाली जीवन देने वाली नर्मदा पालन पोषण करने वाली और धरती मां का अपने जीवन में क्या महत्व है यह विस्तार से शाला प्रांगण के मंच से बच्चों को बताया। दोपहर ग्यारह बजे के लगभग उनका नगर प्रवेश होते ही स्थानीय धर्म प्रेमी नागरिकों माता बहनों ने दादा गुरु का जगह-जगह सड़क पर पुष्प बिछाकर एवं पुष्प वर्षा कर उनके साथ चल रहे सभी भक्तों को फल फ्रूट खिलाकर भव्य स्वागत किया गया।

# डोर-टू-डोर मतदाता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



नगर पालिका सिवनी मालवा द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजन सिंह रावत के निर्देश अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत स्वीप गतिविधि संचालित कराई जा रही है जिसमें शहर के सभी वार्डो में डोर टू डोर सामूहिक चर्चा, रैली, पंपलेट, फ्लेक्स के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सभी वर्ग के मतदाताओं को 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है ताकि 100 प्रतिशत मतदान में सभी की भागीदारी हो सके। जागरूकता अभियान में सीएमओ शीतल भलावी,स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा, स्वीप नोडल अधिकारी सचिन मलैया, मुकेश कुमार गोगिया,अनूप पवार, सैयद मुसाहिद अली एवं वार्ड के महिला पुरुष नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी ने बताया की निकाय द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान में सभी वर्ग के नागरिकों की शत प्रतिशत शत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वीप प्लान अंतर्गत एक दल घटित किया गया है जो मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित कर रहा है हम शहर के सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करें।

### अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर किया नमन

**पिपरिया।** नगर में अमर शहीद भगत सिंह राजगुरु एवं सुखदेव के शहीदी दिवस के अवसर पर नगर में सैकड़ो युवाओं एवं समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर नगर पालिका परिषद परिसर में गणमन नागरिकों की उपस्थिति में विभिन्न स्थानों पर इन शहीदों के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें कुछ युवाओं के द्वारा हाथ में तिरंगा यात्रा भी निकल गई और अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा भक्तों के द्वारा बताया गया कि भगत सिंह का जीवन परिचय उनके सदस्य से संबंधित उद्बोधन भी प्रस्तुत किया गया जिसमें संचार संस्था के द्वारा भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वर्ग की मारुति जोशी न्यास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### जीनियस प्लानेट में मौमाला नायक के कथक ने मोह लिया मन




**इटारसी।** स्पिक मैके चेप्टर इटारसी द्वारा जीनियस प्लानेट स्कूल में दिल्ली से आई कथक नृत्यांगना मौमाला नायक ने सुन्दर नृत्य की प्रस्तुति से उपस्थित विद्यार्थियों और स्टाफ तथा आमंत्रित अतिथियों का मन मोह लिया। नृत्य के लिए तबले पर संगत मोहित राज और हारमोनियम पर संगत जकी अहमद ने दी। कार्यक्रम का आगाज सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत स्कूल संचालक मो जाफर सिद्दीकी और मनीता सिद्दीकी ने किया। स्कूल के म्यूजिकल ग्रुप ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। नृत्यांगना मौमाला ने विद्यार्थियों को कथक की मुद्राओं का, रसों का ज्ञान दिया, साथ ही बच्चों को कथक नृत्य की बारीकी और खूबसूरती से परिचय कराया। कृष्ण राधा और गोपियों की नोंक झोंक, गोवर्धन पर्वत उठाना या कालिया मर्दन जैसी घटनाओं का नृत्य के माध्यम से चित्रण किया। संचालन ख़ुशी सिद्दीकी ने और कलाकारों का परिचय सुनील बाजपेई ने दिया। इस अवसर पर स्पिक मैके के उपाध्यक्ष सुधीर गोठी, सज्जन लोहिया, रितेश शर्मा, कुमुद वाजपई, स्कूल एसएमसी सदस्य सर्वजीत सैनी के साथ ही अभिभावक एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

# कायाकल्प योजना के अंतर्गत शहर में नपा कर रही है विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




मध्य प्रदेश शासन एवं केंद्र सरकार के माध्यम से नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर पालिका परिषद का गठन होने से लेकर वर्तमान तक लगातार विकास कार्य संचालित किया जा रहे हैं। कायाकल्प योजना के अंतर्गत शासन के द्वारा नगर के मुख्य मार्गो को चौड़ा करने तथा नाली निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा जाता है। प्रस्ताव के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार के माध्यम से नगर पालिका परिषद को राशि प्रदान की जाती है उसे राशि में सीसी रोड का निर्माण जो कि लगभग 40 फीट चौड़ा तथा दोनों तरफ नालियां भी शामिल होती हैं। इसी तरह का विकास कार्य शोभापुर रोड सांडिया रोड के बाद अब सीमेंट रोड जो कि कई वर्षों से सीमेंट रोड के नाम से जाना जाता है जब शहर में सिर्फ एक ही सीमेंट रूट बना था उसे समय से सीमेंट रोड के नाम से इस रोड को जाना जाता है। आज वही सीमेंट रोड नगर पालिका परिषद के ठेकेदार ओमप्रकाश भार्गव के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें ठेकेदार के द्वारा बताया गया कि 24 मीटर चौड़ा मुख्य मार्ग है दोनों तरफ ना लिया है नाली के अलावा जो शेष जगह बचेगी उसमें भी सीमेंट रोड बनाया जावेगा। सीमेंट रोड से प्रारंभ होकर येस बैंक तक किस रोड का निर्माण होगा जिसकी लगभग लागत 50 लख रुपए बताई जा रही है। पूरी मजबूती के साथ सड़क का निर्माण किया जा रहा है नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल के द्वारा अपनी उपस्थिति में निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया है। तरह से अध्यक्ष ने बताया कि होली रंग पंचमी के बाद पचमढ़ी रोड का भी निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा जो वन विभाग की सीमा तक रहेगा। शहर में अब विकास कार्य दिखने लगा है क्योंकि कई अध्यक्ष रहे लेकिन उनके द्वारा मुख्य मार्गो तक निर्माण करने के लिए आज तक विचार नहीं किया गया पहले अध्यक्ष है जिनके द्वारा कायाकल्प योजना के माध्यम से मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण नालियों का निर्माण किया जा रहा है जिसके कारण किसी को भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

# प्रशासन के द्वारा बनाए गए नाकों पर लगातार की जा रही है जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




लोकसभा चुनाव के नजर नगर रखते हुए आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन के द्वारा पिपरिया विधानसभा के चारों सीमाओं पर नाका निर्माण कर दिया गया है। इस पर कर पांच छह लोगों की टीम बनाई गई है जिसमें चार पाली में ड्यूटी पर तैनात की गई हैं। पंचायत मटकुली के नाके पर तैनात सचिव विजय पटेल ने बताया कि रोजगार सहायक एक पटवारी पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं आरक्षक सहित लगभग 6 लोगों की ड्यूटी लगाई गई है जो अलग-अलग समय में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। के द्वारा आने जाने वाले सभी वाहनों की जांच की जावेगी अभी वर्तमान में फोर व्हीलर वाहन की वीडियो की सभी जांच की जा रही है। वीडियो के साथ फोटोग्राफर का काम भी किया जा रहा है चुनाव के मध्य नजर शासन एवं निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार नजर रखी जा रही है कि यदि कोई व्यक्ति जा रहा है उसकी गाड़ी में बाग में किसी तरह से अवैध सामग्री जो चुनाव में उपयोग की जा सके रुपए अधिक तो नहीं है शराब आदि अन्य सामग्री की जांच की जा रही है यदि यह सामग्री पाई जाती है तो आयोग के निर्देशानुसार उसे जप्त कर निर्वाचन शाखा में जमा किया जाएगा और चुनाव के उपरांत यदि व्यक्ति के पास संबंधित सामग्री के दस्तावेज पाए जाते हैं।जिला निर्वाचन कार्यालय से अपनी सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। इस तरह से प्रशासन पूरी मुस्तादी बड़ी गंभीरता से लोकसभा चुनाव पर नजर बनाए हुए हैं।

### करीब 40 माह से अन्न त्यागकर पर्यावरण संरक्षण के लिए दे रहे हैं जागरूकता का संदेश

# मां नर्मदा का जीवन शुद्ध बनाने के लिए आगे आएं: दादा गुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर में मां नर्मदा के संरक्षण के लिए परिक्रमा यात्रा पर निकले समर्थ सद्गुरु दादा गुरु के द्वारा नर्मदा परिक्रमा में लगभग 500 परिक्रमा वासियों के साथ जिले की परिक्रमा की जा रही है जिले में प्रवेश किया गया है। इसकी अगवानी के लिए आरती अर्जुन लाल पलिया के द्वारा अपने सिर पर मां नर्मदा का कलश स्थापित करते हुए पूरे बेचकर दादा गुरु की अगवानी की गई। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी सचिन गिरधर्मल एवं साहू समाज के लोगों के द्वारा दादा गुरु का मंगलवार चौराहे पर स्वागत सम्मान करते हुए सड़क पर पुष्प बिछाए गए सभी परिक्रमा वासी को अल्पाहार का वितरण किया गया। इस दौरान दादा गुरु ने अपने अर्बोधन में कहा कि गए पर्यावरण संरक्षण और मां नर्मदा के लिए 40 माह से लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा गोवंश मिट्टी पेड़ का संरक्षण सभी के लिए महत्वपूर्ण है उनकी उपेक्षा मानव के लिए खतरे से खाली नहीं है। भगवान कृष्ण ने अपनी बाल लीला में माटी का परी का मूल बताया है। माटी से पैदा हुआ माटी में ही मिल जाता है लेकिन इस माटी का संरक्षण इस प्रकृति का संरक्षण मानव नहीं कर रहा है उसकी उपेक्षा कर रहा है।

जिसके कारण प्राकृतिक आप आए आपदाएं संक्रमण आ रहे हैं जिसके कारण आए दिन मनुष्य जूझ रहा है मां नर्मदा के पूजन के साथ अस्तित्व को बचाए रखना जरूरी है स्वच्छता को भी बचा रखना जरूरी है। इस तरह से उन्होंने अपनी उद्बोधन में कहा कि मिट्टी को जहरीला मत बनाओ नदियों को प्रदूषण मत करो आपके विनाश का कारण बनेगी नदी किनारे पेड़ों को मत काटो बारिश का पानी मिट्टी सहित बह जाएगा नर्मदा नदी एवं गौ माता को लेकर उन्होंने अधिक जानकारी देते हुए विस्तार से लोगों को बताया प्रकृति केंद्र जीवन शैली अपनाने पर उन्होंने जोर दिया मां नर्मदा जीवन की इकाई का दर्जा दिलाने की बात कही मां नर्मदा सहायक नदियों की शुद्धिकरण संरक्षण संवर्धन के लिए भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए और मां नर्मदा तीर्थ क्षेत्र से प्राकृतिक गौ आधारित किसी को बढ़ावा देने की दिशा में यात्रा जारी रखने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम समापन के बाद दादा गुरु की शोभायात्रा अगवानी की गई।

## खबर संक्षेप

### पति से परेशान महिला ने खाया जहर, भर्ती

**हरदा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रहटाखुर्द में रहने वाली एक 25 वर्षीय महिला ने पति के साथ हुए विवाद के बाद गुस्से में आकर जहरीली दवा खा ली। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लीमगांव की रहने वाली सुखिया पति गोटू कोरकू अपने तीन बच्चों एवं पति के साथ बीते आठ महीने से रहटाखुर्द में रहकर मजदूरी कर रही थी। शनिवार सुबह पति गोटू ने अपनी पत्नी सुखिया से उसके द्वारा की गई मजदूरी के रुपए में से सौ रुपए शराब पीने के लिए मांगे। जब पत्नी ने रुपए देने से इनकार कर दिया तो पति ने अपनी पत्नी की पिटाई कर दी। इस बात से गुस्से में आकर पत्नी सुखिया ने मूंग की फसल में डालने वाली कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिसके बाद उसका भाई चिरोंजीलाल एवं छोटी बहन का पति पूनम उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। जहां उसका उपचार जारी है।

### किसान को रोककर मारपीट, मामला दर्ज

**हरदा।** छीपाबड़ थाना क्षेत्र के रुनझुन गांव में तीन बदमाशों ने रात में किसान के साथ हमला कर लूटपाट की। घायल को शनिवार सुबह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। छीपाबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम कानपुरा में रहने वाले किसान संजय पिता नारायण योगी (32) ने बताया कि वह खेत पर काम करे वाले मजदूरों को मजदूरी देने उनके गांव जूनाखाल गया था। गांव पहुंचा तो मजदूर चारुवा के मेले में चले गए थे। ऐसे में मैं नकदी लेकर वापस लौट रहा था। ग्राम रुनझुन के पास एक ढाबे में थोड़ी देर रुका। रात करीब साढ़े 10 बजे के आसपास सुनसान इलाके में तीन लोगों ने मुझे रुकने का इशारा किया। जैसी ही बाइक रोकी, उनमें से एक व्यक्ति ने सिर पर लकड़ी से हमला कर दिया। दो लोग ने हाथ पकड़े और मारपीट करने लगे। मेरे पास रखे 53 हजार रुपए देते हुए मारपीट नहीं करने की गुहार लगाई, लेकिन वे नहीं माने। घायल किसान का कहना है कि वह मारपीट के बाद घटनास्थल में वह बेहोश हो गया। मारपीट करने वालों में वह एक की चेहरे से जानता है। करीब दो घंटे बाद उसे होश आया और उसने अपने भाई धर्मेंद्र योगी को घटना बताई। भाई ने 100 डायल पर कॉल किया और खिरकिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गया। हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। छीपाबड़ थाना प्रभारी निकिता विल्सन का कहना है कि घटना की जानकारी लगी है। मामले में जांच के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी।

### भाकिसं ने की प्लेट तोल कांटे से तुलाई की मांग

**हरदा।** भारतीय किसान संघ ने जिला प्रशासन से समर्थन मूल्य पर शुरू होने वाली खरीदी के दौरान फसल की तुलाई प्लेट कांटे से सभी सोसायटियों में किए जाने की मांग की है। किसान संघ का आरोप है कि वर्तमान में कई सोसायटी में प्लेट कांटे से तुलाई नहीं हो रही है। भाकिसं के जिला प्रवक्ता राजनारायण गौर ने कहा कि किसान संगठन की मांग पर विगत वर्ष समर्थन मूल्य पर खरीदी प्लेट कांटे से की गई थी, लेकिन इस वर्ष चना खरीदी के दौरान इसका पालन नही किया जा रहा है, जिसका संघ विरोध करता है। उन्होंने कहा कि जिले की सभी सोसायटियों में जिला प्रशासन ने यदि तुलाई के लिए प्लेट कांटे की व्यवस्था नहीं की जाती तो संघ आंदोलन करने पर मजबूर होगा। उन्होंने किसानों से अपनी की है कि जिन वेयर हाउस में तुलाई प्लेट कांटे से नहीं की जा रही है। उन वेयर हाउस में कोई भी किसान अपना स्लॉट बुक नहीं करें।

### एफएसटी की टीम ने की कार्रवाई

**खंडवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत विधानसभावार गठित एफएसटी टीम द्वारा भ्रमण कर सघन चेकिंग की जा रही है। व्यय नोडल अधिकारी आरएस गवली ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र हरसूद की एफएसटी 1 थाना हरसूद ने शुक्रवार को 30 लीटर देशी शराब किशोर पिता गोविंद निवासी सड़ीयापानी से जप्त की गई, जिसकी अनुमानित लागत 4500 रूपये है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र हरसूद की एफएसटी 2 थाना खाल वा के द्वारा शुक्रवार को 22 क्वाटर देशी शराब विजय पिता रामलाल निवासी लछोरा से जप्त की गई, जिसकी अनुमानित लागत 1540 रूपये है।

## बड़वाह क्षेत्र में अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत, 8 लोग घायल

# बरुड़ फाटे पर युवक का शव मिला, दुर्घटना की आशंका, सिर व चेहरे पर चोट के निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिला मुख्यालय से करीब 13 किलोमीटर दूर टांडाबरुड़ थानाक्षेत्र के बरुड़ फाटे पर सड़क किनारे एक 30 साल के अज्ञात युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर टांडाबरुड़ पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। घटनाक्रम शुक्रवार रात का हो सकता है लेकिन सुबह पता चल पाया। मृतक का जिला अस्पताल में पीएम हुआ है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। सिर व चेहरे पर चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। पुलिस आरंभिक तौर पर दुर्घटना की आशंका मानकर जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक टांडाबरुड फाटे पर लाश मिली है। पोस्टमॉर्टम के लिए खरगोन जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतक की शिनाख्त की जा रही है। एसडीपी रोहित लखारे ने बताया कि शिनाख्त नहीं हो पाई है।



अभी जांच चल रही है। उधर फोरेंसिक टीम भी जांच में जुट गई थाना प्रभारी रितेश यादव के मुताबिक घटना की जानकारी लगते ही फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है।

इधर, प्राथमिक जांच में हादसे की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस कारणों का पता लगाने के लिए जांच पर जुटी है। उधर जिले के बड़वाह क्षेत्र में शुक्रवार रात हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई, वहीं करीब 8 लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार प्राथमिक बड़वाह के सिविल अस्पताल में किया गया। जबकि मृतकों के शव का पीएम शनिवार सुबह किया गया है।

#### ससुराल से घर लौट रहे थे, ट्राले में टकराए

जानकारी के अनुसार महेश्वर रोड पर शुक्रवार रात करीब 11 बजे हुई सड़क दुर्घटना में दिनेश पिता नानाजी (40) की मौत हो गई। वे अपने ससुराल धामनोद गए थे और रात को वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान महेश्वर रोड़ पर टोल टैक्स के पास ट्राले से टकरा गए। घटना में दिनेश की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने परिजनों को दी। दिनेश के परिवार में पत्नी, बेटे और बेटी है। वहीं महेश्वर रोड पर टोल टैक्स के पास दो बाइक आपस में भीड़ गई। जिसमें पिपल्या के गड़बड़ी (माचलपुर) के रहने वाले विक्रम पिता शोभाराम (40) की सिविल अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना शनिवार रात 9.25 की है। दिनेश और पिपल्या से बड़वाह की तरफ आ रहे था। इस दौरान विक्रम की बाइक पर सूरज भी था। उनकी टोल टैक्स के पास सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिसके बाद गम्भीर अवस्था में विक्रम को बड़वाह सिविल अस्पताल लाया गया, लेकिन उपचार के विक्रम ने दम तोड़ दिया।

#### हादसे में ये हुए घायल

शिवम पिता शंकर(18) निवासी रामकुल्ला, सुरेश पिता गुलाब(40) निवासी ढकलगांव, नागेश रामसिंह (23),संतोष मेहताब (20) निवासी सोरठी बारूल, मेहताब सोहराब (65) निवासी सोरठी बारूल,सुमित पिता संतोष (17) निवासी, सुरजीत बाबूलाल (24) निवासी कोदबार हादसे में घायल हुए हैं।

## बिना सुरक्षा उपकरण पहने कर रहा था कार्य

# बड़वाह की शराब फैक्ट्री में बिजली उपकरण फॉल्ट होने से कर्मचारी झुलसा, इंदौर रेफर




**खरगोन।** जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर बड़वाह तहसील से आठ किमी दूर ग्राम खोड़ी में संचालित एसोसिएटेड अल्कोहल एंड बेवरीज लिमिटेड (शराब फैक्ट्री) में बिना सुरक्षा उपकरण से कार्य कर रहा कर्मचारी चिंताराम पिता रामसिंह अचानक बिजली उपकरण फॉल्ट होने से झुलस गया। गंभीर अवस्था से उसे बड़वाह के शासकीय अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिया। घटना शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है। कंपनी में कार्यरत घायल चिंताराम पिता राम सिंह निवासी नाया ने बताया कि शराब फैक्ट्री में वर्ष 2006 से काम कर रहा हूं प्रतिदिन की तरह सुबह फेक्ट्री में कार्य करने के लिए गया था। यहा फैक्ट्री के अंदर बिजली उपकरण बदलने का काम कर रहा था। तभी बिजली के तार जोड़ने के दौरान अचानक कंडेसनर फटने से में आग की चपेट में आ गया। इस घटना के बाद घायल को उपचार के लिए कंपनी में कार्यरत कर्मचारी बड़वाह शासकीय अस्पताल लेकर आऐ जहा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में घायल चिंतराम को इंदौर रैफर किया गया। फेक्ट्री के जिम्मेदारो का कहना है कि बिजली उपकरण अचानक फॉल्ट होने से घटना हुई है, चिंताराम को उपचार के लिए इंदौर भेजा गया है, जहा उपचार जारी है करीब 25 वर्षो से फेक्ट्री में कार्यरत था।

# गुजराती समाज मार्केट में लेदर फॉर्म की दुकान में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

शनिवार सुबह करीब 11 बजे शहर के सबसे व्यस्ततम गुजराती समाज मार्केट में स्थित एक लेदर फॉर्म दुकान में अचानक आग लग गई। आग से दुकान में रखी तेदर की सारी सामग्री, मशीनें जलकर राख हो गई। करीब 5-7 लाख का नुकसान होना बताया जा रहा है।

दुकान संचालक निलेश सोनी ने बताया सुबह 11 बजे सूचना मिली कि आपकी दुकान में आग गई है। आग अज्ञात कारणों से लगी। दुकान में रखी मशीनें, बैग, लेदर का सामान जल गया। आकलन अभी करना मुश्किल है, लेकिन फिर भी



करीब 5-7 लाख रूपए का नुकसान हुआ है। वहीं सूचना मिलने पर फायर फायटर मौके पर पहुंचा। आग बुझाई गई, लेकिन तब तक दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया था।

#### पेड़ से बिजली तारों पर गिरती है टहनियां

प्रत्यक्षदर्शी अनिल भावसार ने कहा यह शहर की सबसे प्रमुख लेदर दुकान है। आग से काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया पास में ही एक पेड़ काटा जा रहा है। अकसर पेड़ से टहनियां बिजली के तारों पर गिरती हैं। पहले भी ऐसी घटनाएं दो बार हो चुकी है। गलियां संकरी होने से यहां फायर फाइटर का पहुंचने में भी दिक्कत होती है।

### दिनेश बने कर्मचारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

**खरगोन।** मप्र कर्मचारी कांग्रेस का जिलाध्यक्ष पद पर कसरावद तहसील के बामंदी शासकीय माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक दिनेश पटेल की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सुनील ठाकरे व संरक्षक वीरेंद्र खोंगल ने की। पटेल ने पूर्व में अपाक्स ब्लॉक अध्यक्ष व दो बार आजाद अध्यापक संघ जिलाध्यक्ष रहकर अध्यापक संवर्ग के हितों की लड़ाई लड़ी। वर्तमान में एनएमओपीएस के जिला प्रभारी का दायित्व संभालते हुए पुरानी पेंशन बहाली के आंदोलन में सक्रिय योगदान दे रहे है। पटेल की नियुक्ति पर शिक्षकों व कर्मचारियों ने हर्ष जताया। पटेल ने कहा कर्मचारियों की समस्या का समाधान कराना पहली प्राथमिकता रहेगी। संगठन को मजबूत करने के लिए सभी विभागों से कर्मचारियों को लेकर तहसील, ब्लॉक व जिला स्तर की कार्यकारिणी का गठन जल्द किया जाएगा।

# शाही किला क्षेत्र में 15 दिनों से नलों में आ रहा गंदा पानी, रहवासी परेशान

## रहवासी बोले पीने के लिए 30 रुपए में पानी की कैन खरीदना पड़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर



शहर के शाही किला क्षेत्र में पिछले करीब 15 दिनों से 50 से अधिक घरों में गंदा पानी आ रहा है। यहां लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। अधिकांश लोग बाजार से 30 रुपए की एक कैन पानी खरीदते हैं। यहां पुलिसकर्मियों क्वार्टर भी हैं।

यहां भी गंदा पानी आने से पुलिसकर्मियों के परिवार भी खासे परेशान हैं। रहवासी संजना देशमुख ने बताया पिछले करीब 15 दिनों से पानी बहुत गंदा आ रहा है। गंदे पानी से ही कपड़े भी धोना मजबूरी बन गया है। यह पानी पीने के योग्य नहीं है। इसलिए उसे पीने के उपयोग में नहीं ला रहे हैं। बाजार से रोज 30 रूपए की कैन खरीद रहे हैं। वही पानी पीना मजबूरी बन गया है। नल से शुरूआत में गंदा पानी आता है। बाद में अच्छा आता है, लेकिन मिट्टी मिली ही रहती है। ममता देशमुख ने कहा- गंदा पानी ही यूज करना मजबूरी बन गया है। बाहर से पानी लाना पड़ रहा है।

#### टेस्टिंग के कारण आ रहा गंदा पानी

दरअसल पिछले दिनों जल आवर्धन योजना की टेस्टिंग की गई थी। इसके कारण यहां दो तीन दिन जल वितरण रोका भी गया था। यहां नए पानी के मीटर भी लगाए गए हैं। निगम अफसरों का कहना है कि नई व्यवस्था के चलते ऐसा हो रहा है। जल्द इसमें सुधार हो जाएगा।

# 26 मार्च से चना खरीदी की कार्यवाही करें : कलेक्टर

**खंडवा।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा रबी सीजन 2023-24 (विपणन वर्ष 2024-25) में समर्थन मूल्य पर चना उपार्जन के लिए उपार्जन नीति जारी की गई है। जिसमें कलेक्टर अनूप कुमार सिंह द्वारा गठित जिला उपार्जन समितियां एवं चना खरीदी केन्द्र निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि खंडवा तहसील के लिए चना उपार्जन स्थल सेन्ट्रल वेयर हाउस खण्डवा, गुर्जर वेयर हाउस गुड़ीखेड़ा, वर्मा वेयर हाउस कोरगला, यशवंत वेयर हाउस दोंदवाड़ा, कावेरी वेयर हाउस सिरपुर, महाबल एग्रो-2 वेयर हाउस कालमुखी, ममता वेयर हाउस बावडिया काजी, जय अग्रसेन वेयर हाउस बावडिया काजी, बालाजी वेयर हाउस केहलारी एवं चैहान एग्रो वेयर हाउस सिरपुर शामिल है।

इसी प्रकार पंधाना तहसील के लिए आशुतोष सिंगला वेयर हाउस बोरगांव बुजुर्ग, सृष्टि वेयर हाउस पंधाना एवं नयन वेयर हाउस डूल्हार शामिल है। तहसील पुनासा के लिए मंजू पटेल वेयर हाउस गोंडखेडा, सीड्स एण्ड ग्रेन्स वेयर हाउस करोली एवं श्री मां नर्मदा वेयर हाउस पामाखेड़ी शामिल है। तहसील खालवा के लिए समिति परिसर रोशनी, दिव्य शक्ति वेयर हाउस जोगीबेड़ा, धीर वेयर हाउस खालवा, दिव्य शक्ति वेयर हाउस खालवा एवं बिरदीचंद गुप्ता वेयर हाउस खेड़ी शामिल है। साथ ही हरसूद तहसील के लिए मंत्री एग्रीकेयर छनेरा, महावीर एग्रो वेयर हाउस पिपलानी, महादेव वेयर हाउस बेडियाखाल, पटेल वेयर हाउस नया हरसूद एवं अन्नपूर्णा एग्रो कॉर्पो. किल्लोद इस प्रकार 26 चना उपार्जन स्थल शामिल है। कलेक्टर ने सभी संबंधित गोदाम संचालक, चना उपार्जन समितियों के प्रभारी एवं ऑपरेटर को व्यवस्थाएं बनाये रखने तथा 26 मार्च से चना खरीदी की कार्यवाही करना सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

# आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि यदि वे निर्वाचन में आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वह फोन नम्बर 0733-2222710 पर कर सकते है, साथ ही इसके अलावा किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए टोल फ्री नम्बर 1950 पर भी सम्पर्क कर सकते है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी- विजिल एप तैयार किया गया है। सी- विजिल एप के माध्यम से किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से भी कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप को डाउनलोड करना होगा।

## पुलिस ने शहर में निकाला फ्लेग मार्च



**रहटगांव।** थाना क्षेत्र रहटगांव में आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा एरिया डोमिनेशन किया गया। जिसके तहत रहटगांव क्षेत्र का बाजार क्षेत्र,बस स्टैंड सहित अन्य गलियों में एरिया डोमिनेशन किया गया। थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह भदोरिया द्वारा बताया गया की शहर की पुलिस 'ऑपरेशन एरिया डोमिनेशन' के तहत असामाजिक तत्वों को बाहर निकालने के लिए रात में संवेदनशील एरिया एवं जीर्ण-शीर्ण घरों, पार्कों और पुलों के नीचे निगरानी शुरू करेगी। इससे पहले थाना परिसर में शांति समिति की मीटिंग ली गई। जिसमें आगामी त्यौहार होलिका दहन, रंग पंचमी, रमजान को लेकर चर्चा की गई।

# 11 साल पुराने मामले में राजस्थान से फरार हुए वारंटी गिरफ्तार



**रहटगांव।** पुलिस की गठित टीम द्वारा राजस्थान से स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार न्यायालय प्रकरण क्रमांक27/14, अपराध क्र. 157/13 धारा 4,6,9 म.प्र. गोवंश प्रतिशेध अधिनियम एवं 11 पशु क्रुरता पशु अधिनियम के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिनको गिरफतार किया उनमें आजाद पिता चांद खां उम्र 21 साल निवासी इस्लामपुरा थाना डिग्गी जिला टोंक राजस्थान 02 याकूब अली पिता जहूर खान उम्र 30 साल निवासी इस्लामनगर थाना मालपुरा जिला टोंक राजस्थान, अब्दुल रहमान पिता अलादीन खां उम्र 28 साल निवासी इस्लामपुरा थाना नुक्कड़ जिला टोंक राजस्थान, नूर मोहम्मद पिता इमाम बख्श उर्फ चांद खां उम्र 32 साल निवासी इस्लामनगर थाना मालपुरा जिला टोक राजस्थान 05 नौशाद पिता इदू शेख उम्र 20 साल निवासी इस्लामनगर थाना मालपुरा जिला टोंक राजस्थान को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। इसके अलावा वारंटी आरोपी मुस्तकीम पिता मदारी जाति मुसलमान उम्र 32 साल निवासी इस्लामनगर थाना मालपुरा, रूपनारायण उर्फ रूपा पिता रामसुख उर्फ रामरख जाट उम्र 35 साल निवासी भवानी पुर थाना डिग्गी जिला टोंक राजस्थान दोनो वारंटियों की मौत हो चुकी है जिस कारण मौके पर परिजनों के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र पेश किया जो मृत्यु प्रमाण प्राप्त किया। कार्यवाही में सउनि रामभोग शर्मा थाना टिमरनी, विजय उईके, अनिल गोरसिया रक्षित केन्द्र हरदा का विशेष योगदान रहा।

## लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी...

# हरदा, बैतूल व खंडवा जिलों के कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों की बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियां जारी हैं। शनिवार को बैतूल- हरदा-हरसूद संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं कलेक्टर बैतूल नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में संसदीय क्षेत्र से संबंधित तीनों जिलों के कलेक्टर्स व पुलिस अधीक्षकों की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में रिटर्निंग अधिकारी सूर्यवंशी ने लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में खंडवा कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, बैतूल के पुलिस अधीक्षक निश्चल झरिया, हरदा एसपी अभिनव चौकसे, खंडवा एसपी मनोज राय, जिला पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया और बैतूल के सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा सहित तीनों जिलों के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर



आदित्य सिंह ने हरदा जिले में, और कलेक्टर खंडवा ने हरसूद विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन के लिए अब तक की गई तैयारियों के संबंध में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों ने लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए संसदीय क्षेत्र बैतूल के अंतर्गत की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के संबंध में बताया।

रिटर्निंग अधिकारी सूर्यवंशी ने बैठक में निर्देश दिए कि विधानसभा में जिन मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत कम रहा था वहां मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता गतिविधियां अधिक से अधिक की जाएं। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर आयोग के दिशा निर्देश अनुसार मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, रैंप, शौचालय व मतदाताओं के बैठने के लिए शेड व कुर्सियों की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए, और कहा कि निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारियों को तीन-तीन बार प्रशिक्षण दिया जाए और मतदान अधिकारियों को यह जरूर बताया जाए कि निर्वाचन के दौरान क्या क्या करना है और क्या क्या नहीं करना है। रिटर्निंग अधिकारी श्री सूर्यवंशी ने तीनों जिलों के कंट्रोल रूम में आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए भी कहा।

कलेक्टर ने बैठक में बताया कि हरदा जिले के दो विधानसभा क्षेत्र टिमरनी और हरदा में सीमावर्ती क्षेत्रों में कुल 6 स्थैतिक निगरानी दल और 6 उड़न दस्ते बनाए गए हैं। अन्य जिलों से हरदा जिले में आने वाले वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि कम मतदान वाले मतदान केंद्रों में स्वीप गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान नेटवर्क विहीन शैडो एरिया में वायरलेस सेट ₹वॉकी- टॉकी₹ और रनर्स के माध्यम से संदेशों का आदान-प्रदान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक हरदा चौकसे ने बताया कि जिले में लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के उद्देश्य से अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है।



# महिला कांग्रेस ने गांधी भवन में मनाया फाग उत्सव

**खंडवा।** खंडवा महिला कांग्रेस द्वारा नारी न्याय सम्मान एवं फाग उत्सव का कार्यक्रम शनिवार को गांधी भवन में आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में निर्मला मालवीय पूर्व सेवादल अध्यक्ष, मीरा सोनी एवं विशेष अतिथि उपनेता प्रतिपक्ष मुमताज बी एवं रामकृष्णगंज वार्ड पार्षद प्रतिभा कसेरा रहे। शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमलता पालीवाल ने महिला विभूतियों का भी सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष, मुमताज बी पार्षद, प्रतिभा कसेरा निर्मला मालवीय मीरा सोनी सभी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा फाग गीत गाकर एक दूसरों को रंग गुलाल लगाकर फूलों से होली खेली।कार्यक्रम में ग्रामीण जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रचना तिवारी, लीगल एडवाइजर सुधा खान, ब्लॉक अध्यक्ष मीना वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष कामिनी मंडलोई, देवबाला शर्मा, अर्चना बलराम वर्मा उपाध्यक्ष सुनीता रायकवार, मीनू मंडलोई , उपाध्यक्ष रेखा तंतवार, भाग्यश्री वर्मा, मोनिका मोरे, सरोज बघेल, श्वेता मालवीय, सुधा पालीवाल ,रुपा कास्डे,हेमलता सेन सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रही।